भारत सरकार
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2550
दिनांक 06 मार्च, 2020 को उत्तर के लिए

राजीव गांधी किशोर बालिका सशक्तीकरण योजना 'सबला'

2550. श्री जी॰ सेल्वमः
श्री गौतम सिगामणि पोनः
श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुलेः
श्री सोयम बापू रावः
डॉ. अमोल रामसिंह कोल्हेः
श्री कुलदीप राय शर्माः
श्री सुनील दत्तात्रेय तटकरेः
श्री डी॰एन॰वी॰ सेंथिलकुमार एस॰ः
श्री श्रीनिवास दादासाहेब पाटीलः
श्री धनुष एम॰ कुमारः
डॉ. सुभाष रामराव भामरेः

क्या महिला और बाल विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने राजीव गांधी किशोर बालिका सशक्तीकरण योजना 'सबला' शुरू की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके अंतर्गत क्या उपलब्धियां प्राप्त की गई हैं;
(ख) इस योजना के तहत लाभार्थियों की पहचान करने के लिए क्या मानदंड निर्धारित किए गए हैं और इसकी शुरुआत के बाद से लेकर अब तक, कितनी किशोरी बालिकाओं को लाभ हुआ है;
(ग) इस योजना के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए क्या योजना है और इसके क्या परिणाम रहे हैं;
(घ) उक्त योजना की कार्य-निष्पादन समीक्षा का ब्यौरा और परिणाम क्या हैं और इसके कार्यान्वयन में कौन-कौन सी चुनौतियां सामने आ रहीं हैं;और
(ङ) क्या उक्त योजना का विस्तार कुछ और जिलों में किया जाना प्रस्तावित है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में क्या कदम उठाये गए हैं और विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान इसके अंतर्गत राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार कितनी मात्रा में पूरक पोषक आहार जारी किया गया है?

उत्तर

श्रीमती स्मृति ज़ुबिन ईरानी — महिला एवं बाल विकास मंत्री

(क) से (ख) : राजीव गांधी किशोरी सशक्तीकरण स्कीम-सबला की शुरूआत 11 से 18 वर्ष की आयु की किशोरियों को आत्मविकास और सशक्तीकरण के लिए सक्षम बनाने, उनकी पोषण और स्वास्थ्य संबंधी स्थिति को सुधारने,

स्वास्थ्य स्वच्छता, पोषण, किशोरियों के प्रजन्नन और यौन स्वास्थ्य (एआरएसएच) के बारे में जागरूकता को प्रोत्साहित करने के लिए किशोरी शक्ति योजना (केएसवाई) और किशोरी पोषण कार्यक्रम (एनपीएएल) को बदलकर प्रायोगिक आधार पर देश के 200 जिलों में सन 2010 में की गई थी । इसके पश्चात् सरकार ने 11 से 14 वर्ष की किशोरियों की, किशोरी स्कीम के विस्तार और वैश्वीकरण को चरणबद्ध रूप से अर्थात 2017-18 में अतिरिक्त 303 जिलों में और 2018-19 में शेष जिलों में अनुमोदन प्रदान किया था । तदनुसार, 2017-18 में किशोरियों के लिए स्कीम को देश के सभी जिलों में विस्तारित कर दिया गया है और पूर्ववर्ती स्कीम किशोरी शक्ति योजना को समाप्त कर दिया गया है ।

आंगनवाडी कर्मचारी 11 से 14 वर्ष की आयु में स्कूल छोड चुकी किशोरियों की पहचान करने और सेवाओं का लाभ उठाने के लिए स्कीम के अंतर्गत स्वंय को पंजीकृत करवाने के लिए किशोरियों को सलाह देने के लिए पीआरआई, स्कूल टीचरों और अन्य हितधारकों की मदद से अपने क्षेत्र में घरेलू दौरे करेगी । किशोरियों के लिए स्कीम के अंतर्गत पोषण लाभार्थियों का गत तीन वर्षों का ब्यौरा अनुलग्नक - । में है ।

(ग) और (घ) मिड मीडिया गतिविधियों, काला जत्था, नुक्कड नाटकों आदि जैसी गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढाने के लिए इस स्कीम में गहन आईईसी अभियान और सामुदायिक गतिशीलता की परिकल्पना की गई है । समय-समय पर इसकी आवधिक समीक्षा की जाती है और इस स्कीम को वित्त मंत्रालय के आउटपुट आउटकम निगरानी ढांचे के अंतर्गत भी शामिल किया गया है ।

(ड.) सरकार ने किशोरियों के लिए स्कीम के विस्तार और वैश्वीकरण को चरणबद्ध रूप से अर्थात 2017-18 से अतिरिक्त 303 जिलों और 2018-19 में शेष जिलों में भी अनुमोदन प्रदान किया है । तदनुसार 2017-18 में स्कीम को पूरे देश के अतिरिक्त 303 जिलों में विस्तारित किया गया था और दिनांक 01.04.2018 से किशोरियों के लिए स्कीम को देश के सभी जिलों तक विस्तारित कर दिया गया है और पूर्ववर्ती स्कीम किशोरी शक्ति योजना को समाप्त कर दिया गया है । गत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान जारी किए गए पोषण अनुपूरकों की मात्रा का राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार ब्यौरा अनुलग्नक-।। में है ।

******

अनुलग्नक-I

‘किशोरियों के सशक्तिकरण की राजीव गांधी स्कीम’ से संबंधित 06.03.2020 को लोक सभा में पूछे जाने वाले अतारांकित प्रश्न संख्या 2550 के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

एसएजी के तहत पिछले दो वर्षों के दौरान संपूरक पोषण के लाभार्थियों की राज्य और वर्ष वार संख्या

| क्र.सं. | राज्य/ सं.रा.क्षे. | एसएजी के तहत संपूरक पोषण के लाभार्थी | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2016-17 | 2017-18 | 2018-19 | 2019-20 |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 291018 | 14763 | 39181 | 4496 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 11558 | 266 | 482 | 482 |
| 3 | असम | 469521 | एनआर | 54352 | 68545 |
| 4 | बिहार | 1999642 | 396805 | 130222 | 17824 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 381560 | 13673 | 16093 | 17529 |
| 6 | गोवा | 34806 | 45 | 21 | 7 |
| 7 | गुजरात | 529521 | एनआर | 174620 | 109743 |
| 8 | हरियाणा | 168967 | 667 | 5066 | 3581 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 102496 | 825 | 630 | 570 |
| 10 | जम्मू और कश्मीर | 87656 | एनआर | 16963 | 6391 |
| 11 | झारखंड | 333234 | 63515 | एनआर | 18652 |
| 12 | कर्नाटक | 350269 | 28022 | 58670 | 17106 |
| 13 | केरल | 238372 | 712 | 241 | 158 |
| 14 | मध्य प्रदेश | 995000 | 125452 | 305000 | 180000 |
| 15 | महाराष्ट्र | 848673 | 45898 | 24478 | 36997 |
| 16 | मणिपुर | 42247 | 5061 | 4056 | 4267 |
| 17 | मेघालय | 59429 | 1852 | 1655 | 1122 |
| 18 | मिजोरम | 28148 | 897 | 715 | 1131 |
| 19 | नागालैंड | 19456 | 6455 | 7320 | 7320 |
| 20 | ओडिशा | 590168 | 56893 | एनआर | 25000 |
| 21 | पंजाब | 188723 | 2143 | 4339 | 4781 |
| 22 | राजस्थान | 0 | एनआर | 173591 | 49631 |
| 23 | सिक्किम | 10473 | 6 | एनआर | 21 |
| 24 | तमिलनाडु | 410247 | 2337 | एनआर | 1033 |
| 25 | तेलंगाना | 155861 | एनआर | 19410 | 25000 |
| 26 | त्रिपुरा | 54208 | 971 | 2031 | 601 |
| 27 | उत्तर प्रदेश | 2082000 | एनआर | 277000 | 341518 |
| 28 | उत्तरांचल | 0 | एनआर | एनआर | 26950 |
| 29 | पश्चिम बंगाल | 100106 | 2842 | 2055 | 58123 |
| 30 | अंडमान व निकोबार | 10649 | 25 | 21 | 3 |
| 31 | चंडीगढ़ | 1741 | 186 | 55 | 55 |
| 32 | दमन और दीव * | 1458 | 0 | 20 | 0 |
| 33 | दादर एंव नागर हवेली | 6228 | एनआर | एनआर | 33 |
| 34 | दिल्ली | 92158 | 3383 | 2280 | 2268 |
| 35 | लक्षद्वीप | 2553 | 10 | 7 | 3 |
| 36 | पुदुचेरी | 4221 | 18 | 22 | 14 |
| | कुल | 1,07,02,367 | 7,73,722 | 13,20,596 | 10,30,955 |

अनुलग्नक-II

‘किशोरियों के सशक्तिकरण की राजीव गांधी स्कीम’ से संबंधित 06.03.2020 को लोक सभा में पूछे जाने वाले अतारांकित प्रश्न संख्या 2550 के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

एसएजी के तहत पिछले ती वर्षों और चालू वित्त वर्ष के दौरान निमुक्त निधि का राज्य और वर्ष वार विवरण

(लाख रुपये में)

| क्र.सं. | राज्य/ सं.रा.क्षे. | 2016-17 | 2017-18 | 2018-19 | 2019-20 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 762.99 | 2259.52 | 1011.98 | 127.39 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 126.25 | 87.96 | 0.00 | 33.71 |
| 3 | असम | 1356.94 | 341.92 | 0.00 | 488.62 |
| 4 | बिहार | 2696.83 | 4003.74 | 25.54 | 582.91 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 1389.69 | 2792.61 | 724.75 | 48.40 |
| 6 | गोवा | 131.50 | 302.77 | 0.40 | 43.03 |
| 7 | गुजरात | 1443.18 | 2690.09 | 5092.44 | 1937.79 |
| 8 | हरियाणा | 104.74 | 589.97 | 37.41 | 70.56 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 720.45 | 1129.42 | 0.00 | 0 |
| 10 | जम्मू और कश्मीर | 194.63 | 255.91 | 560.39 | 46.53 |
| 11 | झारखंड | 145.57 | 1495.55 | 0.00 | 254.39 |
| 12 | कर्नाटक | 740.73 | 2466.93 | 923.76 | 1253.33 |
| 13 | केरल | 1057.73 | 692.91 | 289.74 | 1.08 |
| 14 | मध्य प्रदेश | 5302.02 | 8641.18 | 5442.40 | 1118.38 |
| 15 | महाराष्ट्र | 5334.42 | 3995.68 | 3536.78 | 925.32 |
| 16 | मणिपुर | 49.65 | 170.28 | 0.00 | 96.86 |
| 17 | मेघालय | 919.65 | 528.83 | 12.55 | 1278.91 |
| 18 | मिजोरम | 91.78 | 123.95 | 69.32 | 13.56 |
| 19 | नागालैंड | 206.31 | 193.14 | 214.30 | 223.29 |
| 20 | ओडिशा | 2867.25 | 2442.60 | 866.77 | 72.60 |
| 21 | पंजाब | 0 | 40.60 | 26.30 | 0 |
| 22 | राजस्थान | 0 | 39.38 | 0.00 | 0 |
| 23 | सिक्किम | 32.54 | 15.42 | 0.00 | 0 |
| 24 | तमिलनाडु | 2655.26 | 3196.22 | 0.00 | 95.48 |
| 25 | तेलंगाना | 572.39 | 81.40 | 107.49 | 151.54 |
| 26 | त्रिपुरा | 334.81 | 674.38 | 19.16 | 32.27 |
| 27 | उत्तर प्रदेश | 10932.99 | 4486.13 | 1000.35 | 1827.57 |
| 28 | उत्तरांचल | 43.02 | 3.30 | 0.00 | 0 |
| 29 | पश्चिम बंगाल | 40.41 | 282.47 | 101.85 | 126.72 |
| 30 | अंडमान व निकोबार | 107.05 | 51.35 | 3.18 | 1.02 |
| 31 | चंडीगढ़ | 12.11 | 12.68 | 2.33 | 2.46 |
| 32 | दमन और दीव | 14.14 | 14.14 | 4.53 | 0 |
| 33 | दादर व नागर हवेली | 16.44 | 16.44 | 4.94 | 0.42 |
| 34 | दिल्ली | 276.66 | 490.19 | 320.48 | 12.84 |
| 35 | लक्षद्वीप | 2.20 | 11.65 | 3.11 | 0.07 |
| 36 | पुद्दुचेरी | 17.72 | 8.81 | 1.63 | 0 |
| | कुल | 47700.06 | 44629.53 | 20403.88 | 108.67 |